लोकसभा अध्यक्ष आईआईटी रुड़की के 175वें वर्ष समारोह को संबोधित करेंगे

नई दिल्ली; 24 नवंबर, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला कल आईआईटी रुड़की के 175वें वर्ष समारोह को संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर श्री बिरला आईआईटी रुड़की की कॉफी टेबल बुक का विमोचन करेंगे। वह एक स्मारक सिक्का भी जारी करेंगे।

श्री बिरला कार्यक्रम के दौरान छात्रों को स्मृति चिन्ह भी वितरित करेंगे।

प्रोफेसर के.के. पंत, निदेशक, आईआईटी रुड़की; श्री सुनील भारती मित्तल, वाइस चेयरमैन, भारती इंटरप्राइजेज और श्री विनीत पाण्डेय, सचिव, डाक विभाग और स्मारक डाक टिकट भी समारोह को संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर 'आकाश से आईआईटी रुड़की की यात्रा' शीर्षक से एक ड्रोन शो भी आयोजित किया जाएगा।